पत्नी गई मायके, पति ने कर ली दूसरी शादी

नवबिहार दूत संवाददाता

हरनौत: थाना क्षेत्र के पोआरी गांव में पति से अनबन होने के बाद विवाहिता मायके चली गई। इधर उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। अब घर में ताला लगा रखा है। विवाहिता ने दूधमुंहे बच्चे के साथ थाने की शरण ली है। वहां महिला डेस्क की पदाधिकारी पुअनि खुशबू कुमारी ने मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

पोआरी के महादलित टोला निवासी बंगाली मांझी की पत्नी काजल देवी ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। एक छोटा बच्चा है। उसके पति भट्ठा पर कमाने जाते हैं। हाल ही में घर-परिवार को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हुई। इस पर पति बंगाली मांझी ने पत्नी काजल देवी के साथ मारपीट कर दी। इससे गुस्से में काजल देवी चंडी के गौढ़ापर स्थित मायके चली गई। वहां उसे पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। वह पोआरी में घर पहुंची तो घर में ताला लगा था।

मोहर्रम को लेकर फिर से चंदा उगाही करने के सवाल पर परिवारों के साथ मारपीट फायरिंग

नवबिहार दूत संवाददाता

हिलसा नालंदा। मोहर्रम को लेकर दूसरी बार ग्रिल संचालक के घर पर चंदा मांगने पर चंदा देने से इंकार किया तो, गांव के कुछ बदमाशों ने शनिवार को देर रात में घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए महिलाओं के साथ मारपीट किया, विरोध करने पर दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की गई, यह मामला हिलसा थाना क्षेत्र के परवलपुर गांव में घटी है। बताया गया है कि मोहर्रम पर्व खत्म हो गया लेकिन चंदा उगाही करने का सिलसिला जारी है। जीता जागता उदाहरण है कि हिलसा थाना क्षेत्र के परवलपुर गांव निवासी ग्रिल संचालक अलाउद्दीन से गांव के कुछ लोगों द्वारा मोहर्रम का फिर से चंदा उगाही करने पहुंचे थे। ग्रिल संचालक अलाउद्दीन मांगी गई चंदा देने से इंकार कर दिया, इसके चलते शनिवार को देर रात में गांव के कुछ असामाजिक तत्व के लड़कों ने घर पर गाली गलौज करते हुए चढ़ गया। फिर महिलाओं के साथ मारपीट करने लगा, अश्लील हरकत भी किया, आसपास के लोग घर के पास कुछ लोग पहुंचे तो दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करते हुए फरार हो गया। इस मामले में 112 पर डायल किया गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है।

मामले को जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित अलाउद्दीन द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन प्रेषित किया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

घर का ताला तोडकर लाखो का चोरी

नवबिहार दूत संवाददाता

कतरीसराय (नालन्दा): स्थानीय थाना के लोहराजपुर गांव मे चोर ने घर का ताला तोडकर लाखो का चोरी कर लिया। बताया जाता है कि लोहराजपुर गांव निवासी स्व० जनार्दन प्रसाद के पुत्र शैलेश चन्द्र राहुल बिहारशरीफ मे अपने परिवार के साथ रहते है गांव के घर में ताला लगा हुआ था। शुक्रवार की देर रात्रि चोर ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। शनिवार की अहले सुबह जब ग्रामीणों ने देखा कि घर का ताला खुला हुआ है तो इसकी सूचना ग्रामीणों ने घर मालिक को दिया सूचना उपरान्त राहुल ने अपने गांव पहुंचा कर घर में देखने लगा कि क्या क्या चोरी हुआ है तब देखा के घर मे रखे लगभग दो लाख रुपए का सोने का जेवर नही है तो उनके द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया सूचना मिलने के साथ थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए। इस संबंध मे थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है जां किया जा रहा है। जल्द ही घटना के अंजाम देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ससुराल आए युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, दोस्त हुआ जख्मी, अनियंत्रित ईंट लोड ट्रैक्टर ने रौंदा

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ: नालंदा में रविवार को बिहटा सरमेरा टू लेन पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां ईंट लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान पटना जिला के पंडारक थाना क्षेत्र अंतर्गत मामखराबाद गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र जयराम पासवान के रूप में पहचान की गई है। जबकि घायल जयराम पासवान का मित्र आशीष कुमार है। जयराम पासवान नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव अपने ससुराल आया हुआ था। घटना के संदर्भ में मृतक के परिजनों ने बताया कि जयराम पासवान अपने दोस्त आशीष कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर चौहान मोड पर सुबह चाय पीने के लिए गया हुआ था चाय पीने के बाद दोनों वापस ससुराल लौट रहे थे। किसी भी चरूई पर और मुजफ्फरपुर गांव के पास बेकाबू ईंट लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इसके के कारण मौके पर ही जयराम पासवान की मौत हो गई जबकि जख्मी आशीष कुमार का इलाज के लिए नूर सराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से वेदर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क हादसे में मौत से आकर्षित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर जाम कर दिया।

राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा जीपीएटी में राजगीर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार दूत संवाददाता

राजगीर। यहाँ के निभा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, करीमपुर के छह छात्र - छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ग्रेजुएट फार्मसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।

यहां के शकीब अहमद राही ने अखिल भारतीय स्तर पर इस परीक्षा में 81 वां रैंक लाकर अपने संस्थान, नालंदा और बिहार का मान बढ़ाया है। इसी संस्थान के प्रत्यूष आनंद को जीपीएटी परीक्षा में 1128 वां रैंक, अमन कुमार को 1293 वां रैंक, दीपमाला पांडेय को 1374 वां रैंक, बंटी कुमार को 2167 वां रैंक और रोहित कुमार ने 3595 वां रैंक मिला है। निभा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के सचिव धर्मेन्द्र कुमार और प्राचार्य डॉ एम ए जहांगीर ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि राही ने जीपीएटी परीक्षा के अलावे एनआईपीईआर जी परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 95 वां रैंक और प्रत्युष आनन्द को 109 वां रैंक हासिल हुआ है। इस परीक्षा में देश के चार हजार से अधिक कॉलेजों के स्टूडेंट शामिल हुए हैं। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का नामांकन मास्टर ऑफ फामेर्सी (एम फार्मा) में देश के टॉप कॉलेज में होगा. इतना ही नहीं सफल विद्यार्थियों को 12, 500 रुपये प्रतिमा छात्रवृत्ति भी भारत सरकार द्वारा देय है। राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ छह विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से संस्थान में उत्सवी माहौल है।

खुशी का इजहार करते हुए सचिव धर्मेन्द्र कुमार बताते हैं कि बिहार और झारखंड का एक मात्र प्राइवेट संस्थान निभा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, राजगीर है, जिसके छात्र- छात्रा को इस साल राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि द्वितीय शैक्षणिक क्षेत्र से ही अखिल भारतीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी उनके यहां कराई जाती है। उसी का परिणाम है कि दो वर्षों से लगातार यहां के स्टूडेंट राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। धर्मेन्द्र ने बताया कि सफल विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकास के लिए हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली एवं सिक्किम जैसे राज्यों में भेजा जाता है। शकीब अहमद राही को मोहाली, प्रत्युष आनन्द को अहमदाबाद के लिये चयन किया गया है।

झारखंड राज्य से गायब युवक हिलसा के योगीपुर रोड से बरामद

नवबिहार दूत संवाददाता

हिलसा नालंदा: गांव गांव भटक रहा था, युवक जब शहर के योगीपुर रोड में पहुंचा तो पुलिस झारखंड राज्य से गायब युवक को बरामद कर लिया, झारखंड पुलिस को सूचना दिया गया है। सूचना मिलने के बाद झारखंड पुलिस हिलसा थाना पहुंचकर बरामद युवक को अपने साथ लेकर गया है।

बताया गया है कि झारखंड राज्य के रांची जिला रांची शहर के गोलापर मोहल्ला के जगदम महतो के पुत्र जय मंगल प्रसाद कुछ दिन पूर्व घर से गायब हो गया था। परिवार खोजते खोजते थक चुके थे। लेकिन हिलसा पुलिस रविवार को गस्ती करने के दौरान युवक के चाल चलन से पुलिस ने परखा, पुलिस पूछताछ के बाद युवक ने भूखे पेट रहने की बात पुलिस को बताया। मानवता के अनुसार पुलिस ने पहले उसे भोजन कराया। रांची की रहने की बात बताया। संबंधित थाने को हिलसा पुलिस ने सूचना दिया। खबर मिलते रांची पुलिस से हिलसा थाना में दस्तक दिया, इसके बाद युवक को पहचान कर लिया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि झारखंड पुलिस के साथ युवक के परिवार आए थे जिन्हें बरामद किया गया युवक को सौंप दिया गया है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

GPS Map Camera
Chandi, Bihar, India

नवबिहार दूत संवाददाता

नालंदा: सोशल चैरिटेबल ट्रस्ट ने नालंदा जिले के चंडी प्रखंड में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

डॉ. उत्तम कुमार, बी.ए.एम.एस., चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस शिविर में 75 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इस पहल के माध्यम से संस्था ने गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के पहुंच में सुधार किया है।

संस्था के सचिव, अंकित कुमार ने बताया कि ऐसे शिविर हर रविवार को आयोजित किए जाएंगे, जो स्थानीय लोगों को मुफ्त में चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहुंचाते हैं। इस प्रयास से संस्था ने समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो व्यापक समुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्काउट शिक्षक बच्चों को अनुशासित, व्यवहारिक और सभ्य नागरिक बनायें : मुख्य महाप्रबंधक

नवबिहार दूत संवाददाता

राजगीर। रविवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नालंदा में सात दिवसीय बेसिक स्काउट एवं कब मास्टर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ स्काउट ताली से हुआ। इस शिविर में केंद्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग के 54 केंद्रीय विद्यालयों के 173 प्रशिक्षु प्रशिक्षण हासिल करेंगे। उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए 18 प्रशिक्षक अलग-अलग जगहों से राजगीर आये हैं। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विद्यालय के पदेन अध्यक्ष एवं आयुध निमार्णी, नालंदा के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सीजीएम ने कहा कि स्काउट जीवन में अनुशासन सिखाता है। स्काउट के प्रशिक्षण में मानवीय मूल्यों के विकास के बारे में बताया जाता है।

जीवन में अनुशासन वह सीढ़ी है, जो हर ऊंचाई पर पहुंचने में सहायक होता है। स्काउट संस्थापक 'बी प्रिपेयर्ड ' के महत्त्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्काउट प्रशिक्षित शिक्षक और छात्र, अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा संस्कारित, मर्यादित एवं अनुशासित होते हैं। वे हर परिस्थितियों से जुझने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। गुप्ता ने राजगीर और नालंदा के गौरवशाली अतीत की चर्चा करते हुए कहा नालंदा ज्ञान की आदि भूमि है। यहां दुनिया के लोग ज्ञानार्जन के लिए आते थे। जब यूरोप में सभ्यता का विकास नहीं हुआ था, तब नालंदा के शिखर से ज्ञान का प्रकाश प्रवाहित होता था। सीजीएम ने कहा आप सभी यहां से बेहतर प्रशिक्षण लेकर लौटें तो अपने स्काउट एण्ड गाइड के बच्चों को अनुशासित, व्यवहारिक और सभ्य नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब के लिए उनके द्वारा आवासन, नाश्ता- भोजन आदि सुविधाओं की हर संभव व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर पटना संभाग के सहायक आयुक्त मनीष कुमार प्रभात ने कहा कि भारत स्काउट एण्ड गाइड केंद्रीय विद्यालय का एक अहम कार्यक्रम है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक जब अपने विद्यालयों में लौटेंगे तब अपने विद्यालय के छात्रों को स्काउट एण्ड गाइड के विभिन्न गतिविधियों से अवगत करायेंगे। छात्रों को स्वदेश प्रेम, राष्ट्रीयता, पर्यावरण और चारित्रिक विकास के प्रति जागरूक करेंगे। इस सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सकारात्मक विचारों से प्रशिक्षण के बाद अपने अंदर बहुत परिवर्तन पाएंगे। आपके अंदर भाईचारा, सहयोग की भावना और आत्मविश्वास बढ़ाने में यह प्रशिक्षण सहायक होगा।

एलओसी राहुल रमन ने शिविर के बारे में बताते हुए कहा कि व्यक्तित्व निर्माण ही स्काउट एण्ड गाइड का मुख्य उद्देश्य है। स्काउट के स्टूडेंट साहसी, वफादार विनम्र, विश्वसनीय और सबके मित्र व शुभेक्षु होते हैं। वह एक दूसरे का भाई, प्रकृति प्रेमी, पशु - पक्षी प्रेमी, अनुशासित, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करने वाला तथा मन, वचन व कर्म से शुद्ध होता है। आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर द्वारा अतिथियों को हरित पौध, अंगवस्त्र और गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बेसिक स्कॉउट मास्टर एलओसी राहुल रमन, एम के विश्वकर्मा तथा बेसिक कब मास्टर एलओसी एम पांड्या भुवनेश्वर, नौशाद अली, जबलपुर, अन्य प्रशिक्षकों के अलावे अमर कुमार, सुषमा सिंह, किरण पांडेय, अरुण कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार, रोहित वर्मा उपस्थित रहे।

संत शिरोमणि कबीर साहेब के जयंती मास एवं प्रकाश उत्सव हर्षोल्लास के साथ बनाई गई

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफ: बिहारशरीफ के साठोपुर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में संत शिरोमणि कबीर साहेब के जयंती मास, प्रकाश उत्सव एवं गुरु पूजा समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता महंत बलराम साहब ने की। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह समारोह के संयोजक अनिल पासवान, प्रदेश अध्यक्ष एवं समारोह के सह संयोजक रामदेव चौधरी, राजगीर के वचन वंशीय मठ के संचालक महंत एवं अध्यक्ष बलराम साहब ने संयुक्त रूप से कहा कि संत कवि शिरोमणी कबीर साहेब का जन्म 15 वीं शताब्दी के मध्य में 1398 उत्तर प्रदेश के काशी में हुआ था। संत कबीर साहेब संत ही नहीं विचारक एवं समाज सुधारक भी थे।

बुरा जो देखन -मैं चला बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा अपना मुझे बुरा न कोय।

अपने को परखो दूसरों को नहीं।

संत कबीर कहते हैं कि जब मैं इस संसार में बुराई खोजने चला तो मुझे कोई बुरा ना मिला पर जब मैं अपने मन में झांक कर देखा तो पाया की मुझे बुरा कोई नहीं है। यानी हमें जजमेंटल नहीं बनना सेल्फ एनेलेटिकल बनाना है।

पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई अखर प्रेम का, पढ़े से पंडित हो।

प्रेम ही सच्चा ज्ञान

कबीर कहते हैं की बड़ी-बड़ी पुस्तक पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वारा पहुंच गए पर वह सभी विद्वान न हो सके यदि कोई प्रेम या प्यार के केवल ढाई अक्षर अच्छी तरह पढ़ ले तो वही सच्चा ज्ञानी होगा अर्थात प्यार का वास्तविक रूप पहचान ले यही सबसे बड़ा ज्ञान है। चाह मिटी, चिंता मिटी, मनवा बेपर वाह, जिसको कुछ नहीं चाहिए वह शहंशाह।

संतोषी परम सुखी

कबीर जी कहते हैं इस जीवन में जिस किसी भी व्यक्ति के मन में लोभ नहीं मोह माया नहीं जिसको कुछ भी खोने का डर नहीं जिसका मन जीवन के भोग विलास से बेपरवाह हो वही सही मायने में राजा है। मतलब लालच करने वाला कभी ना सुखी होता है ना संतुष्ट और ना ही कामयाब। संत शिरोमणि कबीर साहेब के जयंती मास गुरु पूजा एवं प्रकाश उत्सव में नालंदा जिला के अलावे दूसरे जिला के महंत अगुवा मूर्ति एवं उपासक उपाशिका भाग लिए। समारोह में संत शिरोमणि कबीर साहेब के मानने वाले मोहल्ला साठोपुर के अलावे अगल-बगल के लोग शामिल हुए। समारोह की शुरूआत आरती संध्या से की गई। इस अवसर पर उपस्थित महंत एवं साधु संत ने संत शिरोमणि कबीर साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालें। महंत एवं साधु संत के प्रवचन सुनकर उपस्थित लोगों ने संत शिरोमणि कबीर साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिए। इस मौके पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी के अलावे दर्जनों लोग संत कबीर साहेब के अनुयाई बने। इस मौके पर उपस्थित साधु संतों महंतों एवं गुरुजनों, कार्यकर्ता को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया एवं रात भर भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के महेंद्र प्रसाद महंत राजकुमार साहेब महंत डॉक्टर उपेंद्र साहेब महंत मुन्ना साहेब अगुआ मूर्ति नवीन साहेब राजेंद्र साहेब मीणा दासीन गायिका संजू भारती गुंजन दासीन अनीता दासीन मीरा दासीन सोनू साहेब बसंत साहेब आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य जीवन एवं सुख समृद्धि की कामना की गई

नवबिहार दूत संवाददाता

नालंदा: शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी, नालंदा, द्वारा बाबा मणि राम अखाड़ा में आयोजित लंगोट पूजा में शामिल होकर जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य जीवन एवं सुख समृद्धि की कामना की गई। विदित हो कि दिनांक 21 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक बाबा मणि राम अखाड़ा ग्राउंड में लंगोट मेला का आयोजन निर्धारित है। जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार लंगोट मेला के अवसर पर विधि व्यवस्था, साफ सफाई, नियंत्रण कक्ष, एंबुलेंस, अग्निशमन दस्ता, विद्युत आदि का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मेला में भीड़ तंत्र पर नियंत्रण हेतु सुरक्षा व्यवस्था हेतु व्यापक रूप से दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सहित लंगोट मेला आयोजन समिति के सदस्य गण आदि उपस्थित थे।

ससुराल आए युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

दोस्त हुआ जखमी, अनियंत्रित ईंट लोड ट्रैक्टर ने रौदा.......

नवबिहार दूत संवाददाता

नूरसराय : रविवार को बिहटा सरमेरा टू लेन पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां ईंट लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान पटना जिला के पंडारक थाना क्षेत्र अंतर्गत मामखराबाद गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र जयराम पासवान के रूप में पहचान की गई है। जबकि घायल जयराम पासवान का मित्र आशीष कुमार है। जयराम पासवान नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव अपने ससुराल आया हुआ था। घटना के संदर्भ में मृतक के परिजनों ने बताया कि जयराम पासवान अपने दोस्त आशीष कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर चौहान मोड पर सुबह चाय पीने के लिए गया हुआ था चाय पीने के बाद दोनों वापस ससुराल लौट रहे थे। किसी भी चरूई पर और मुजफ्फरपुर गांव के पास बेकाबू ईंट लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इसके के कारण मौके पर ही जयराम पासवान की मौत हो गई जबकि जख्मी आशीष कुमार का इलाज के लिए नूर सराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क हादसे में मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर जाम कर दिया। इससे गाड़ियों की लंबी कतार सड़क की दोनों ओर लग गई करीब 1 घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही सड़क हादसे में मौत और जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझा बूझकर मामले को शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। गया। वही, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त करते हुए पुलिस कार्रवाई में जुड़ गई है। सब को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

नालंदा में वार्षिक लंगोट मेले का शुभारंभ, मंत्री, सांसद और विधायक ने बाबा की समाधि पर अर्पण किया लंगोट

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफ: बिहार शरीफ के बाबा मणिराम अखाड़ा पर लगने वाला वार्षिक लंगोट मेला की शुरूआत रविवार को हो गई। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहार शरीफ विधायक डॉक्टर सुनील कुमार ने बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट अर्पण कर देश प्रदेश के विकास, अमन चैन, सद्भाव और राज्य की तरक्की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बाबा मणिराम सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल हैं। इनके समाधि पर दूर दराज से लोग आकर लंगोट चढ़ाते हैं और मानते मांगते हैं। सच्चे मन से मांगी गई दुआ पूरी होती है बाबा की कृपा से उनके दर पर आए कोई व्यक्ति खाली हाथ नहीं जाता है। मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। बाबा मणिराम और महान सूफी संत मखदूम साहब में काफी गहरी दोस्ती थी। कहा जाता है कि एक बार वे दीवार पर बैठकर दातुन कर रहे थे। मखदूम साहब ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने दीवार को ही चलने का आदेश दिया तो दीवार ही चलने लगी थी।दोनों संतों की दोस्ती और गंगा जमुना तहजीब की लोग आज भी मिसाल देते हैं। आज हम सभी बाबा मणिराम से आराधना प्रार्थना करते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इतनी शक्ति प्रदान करें कि बिहार के लोगों की खिदमत करते रहे राज्य को विकास के क्षेत्र में देश में अव्वल पायदान पर बनाए रखें बाबा से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की प्रार्थना हम सभी करते हैं। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा मणिराम के अखाड़ा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है। बाबा मणिराम नालंदा सहित पूरे बिहार वेशवासियों की मुरादे पूरी करें। आपस में भाईचारा व अमन कायम रहे। इस अवसर पर बिहार शरीफ के विधायक डॉक्टर सुनील कुमार, वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, असगर समीम, जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, अमरकांत भारती, गुलरेज अंसारी, अजय चंद्रवंशी, जनार्दन पंडित, उपेंद्र दिलवाला, प्रदीप मुखिया, शैलेंद्र कुमार, डॉक्टर आशुतोष, संजय कुशवाहा, भवानी सिंह, सकलदीप कुमार, सन्नी पटेल, आदित्य कुमार, पवन शर्मा, प्रदुमन कुमार, नारायण यादव, राजेश गुप्ता, कुमार मंगलम, नवीन राउत, राजू पटेल, तन्नु सिंह, दीपक पाठक, संजीव पटेल, आशीष चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, अमित कुमार, रितेश कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, संपादक और मुद्रक अमरजीत मौआर द्वारा भारती प्रिंटिंग प्रेस चंडी, नालंदा, पिन कोड 803108 से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट चंडी, नालंदा से प्रकाशित-प्रसारित, फोन -09473293572, 9572478372 , ईमेल: navbihardoot@gmail.com, BIHHIN/2019/78160